सार-समाचार

सांसद के प्रयास से नहीं लगेगा टोल टैक्स

रेवदर , (निसं)। जालौर सिरोही सांचौर सांसद लुंबाराम चौधरी के अथक प्रयासों से सिरोही मंडार हाईवे पर टोल टैक्स को आज बंद कर दिया गया है। टोल टैक्स बंद होने से आम जन को काफी राहत मिलेगी। ज्ञात रहे कि सांसद लुंबाराम चौधरी पिछले काफी समय से सिरोही मंडार हाईवे पर लगे टोल टैक्स को बंद करने को लेकर मांग करते आ रहे है लेकिन टॉल टैक्स की एजेंसी बार-बार हाई कोर्ट से स्टे लाकर टोल अवधि पूरी होने के बाद भी लम्बे समय से टोल वसूला जा रहा था। इसी को लेकर सांसद चौधरी 3 जुलाई 24 को दिल्ली में सडक परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से भी मिलकर टोल टैक्स को बंद करने ले मांग रखी गई थी। परिवहन मंत्री द्वारा कारवाई करते हुए वापस दिनाक 5 अगस्त 2024 को अधिकारियों को पत्र लिखकर सांसद चौधरी को जवाब प्रस्तुत किया गया था। जोधपुर संभाग सह मीडिया प्रभारी चिराग रावल ने बताया कि 19.जुलाई को इस टोल की अवधि को पूरा होना था लेकिन कोविड के कारण इसकी दिनांक बढकर 19 जनवरी 2023 को टोल बंद करने का राजस्थान सरकार का निर्णय हुआ उसके बावजूद भी टोल वसूली चालू रखी गई थी। तत्कालीन राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत एवं सिरोही प्रभारी मंत्री महेंद्र चौधरी को भी कई बार सिरोही मंडार के टोल को बंद करने के लिए ज्ञापन दे चुके थे किंतु सरकार की ओर टोल कर्मियों की मिली भगत के कारण बंद नहीं हुआ था।तत्कालीन राजस्थान सरकार और ठेकेदार की मिली भगत होने से न्यायालय में सही जवाब पेश नहीं किया जा रहा था इस कारण 2 साल में करीब 20 बार कोर्ट का स्टे ला कर बार-बार टोल वसूली की जा रही थी। टोल टैक्स को बंद करवाने के लिए आमजन एवं कार्यकर्ताओं ने सांसद चौधरी का आभार व्यक्त किया।

साध्वी कारूण्य लता के प्रवचन जारी

जोधपुर, (कासं) । साध्वी कारुण्य लता ने कहा कि जहाँ परिग्रह होता है वहाँ पाप होते है। परिग्रह का अर्थ है संग्रह और अपरिग्रह का अर्थ है त्याग। परिग्रह मनुष्य को अहंकार एवं मोहरूपी अंधेरे के अथाह भंवर में डुबो देने वाला होता है। हिंसा पर व्यक्ति उतारू ही इसलिए हो रहा है, क्योंकि वह परिग्रह में जी रहा है। जहाँ परिठाह होता है वहां पाप होते ही है। परिग्रह के लिए आदमी चोरी करता है, झूठ बोलता है, हत्या करता है, व्यसनों का सेवन करता है। सभी पापों की जड़ परिग्रह है। जब तक दुनिया भगवान महावीर के अपरिग्रह को नहीं जानेगी, किसी भी समस्या का समाधान नहीं होगा खेरादियो का बास स्थित श्री राजेन्द्र सूरि जैन ज्ञान मंदिर त्रिस्तुतिक पौषधशाला में साध्वी कारुण्य लता ने अपने नियमित प्रवचन में कहा कि संचय करना मनुष्य की प्रवृत्ति है। धन का संचय यानी बचत करना जरूरी भी है क्योंकि इससे भविष्य आसान होता है। जब हम जरूरत से ज्यादा चीजें संग्रहित करते हैं, तो किसी और के हिस्से का भी खुद रख लेते हैं मगर अत्यधिक संचय, आवश्यकता से अधिक वस्तुएं रखना गलत है, इसे परिग्रह कहते हैं। प्रवचन में उन्होंने बताया कि हमें अपरिग्रह की ओर जाना चाहिए किसी वस्तु का अनावश्यक संग्रह न करके उसका जन-कल्याण हेतु वितरण कर देना, अपरिग्रह कहलाता है। आज प्रवचन में दमयन्ती भंडारी, राजुल भंसाली, नीलम-रूपा-शांति-कांता-वीणा भंडारी, कलावती बागरेचा, सावित्री पोरवाल, पानी भंडारी, सुखी देवी लूंकड़ मुख्य रूप से उपस्थित रही।

पारितोषिक, अंताक्षरी व लूडो आज

जोधपुर, (कासं) । जैन युवा संघ सोसायटी की ओर से 15 से 22 सितम्बर तक चल रही 38वीं राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं में समाज के बच्चे, युवक, युवतियां व महिलाएं बडी संख्या में भाग लेकर अपना दमखम आजमा रहे है। संघ के सह सचिव यदु भंडारी व सांस्कृतिक मंत्री अनुज पारख ने बताया कि गुरूवार को महिलाओं के लिए मास्टर शेफ व सांप सीढ़ी प्रतियोगिता का आयोजन महावीर गेम्स कॉम्पलेक्स में रखा गया। समाज की 37 महिला प्रतिभागियों ने अपना हुनर दिखाते हुए अलग अलग प्रकार के व्यंजन जिसमें केक, सैण्डविच, पिज्जा, पनीर चिल्ली, बर्गर सहित अनेक खाद्य पदार्थ बनाकर सजाए, जिसे दर्शकों ने खुब सराहा। सांप सीढ़ी प्रतियोगिता के संयोजक मनीष कोठारी, दिव्यांश लोढा, प्रतीक भंसाली व मोहित मोदी ने बताया कि गणपत मल, विनीत लूंकड, पवन बूरड व अभय जैन के आतिथ्य में महावीर कॉम्प्लेक्स के हॉल में 30 गुणा 30 की सांप सीढी बनाकर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें 112 महिलाओं, बालिकाओं व बच्चों ने भाग लेकर अपना हुनर प्रस्तुत किया। शुक्रवार को अंताक्षरी व लूडो प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा। साथ ही विभिन्न खेलों में विजेता एवं उप विजेताओं को पारितोषिक वितरण किया जाएगा।

मतदाता सूची में नाम जोड़ने की मांग

जालोर, (कासं)। जालोर कांग्रेस कमेटी जिला उपाध्यक्ष जुल्फिकार अली भुटटो ने गुरुवार को के जी एन कॉलोनी में निवास करने वालो लोगों को मतदाता सूची में नाम जोड़ने की मांग को लेकर जिला कलैक्टर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि जालोर शहर के निकट केजीएन कॉलोनी में लगभग एक हजार से बारह सौ० लोग रह रहे हैं, मगर एक व्यक्ति को छोड़कर किसी भी व्यक्ति का नाम वोटर लिस्ट में नहीं हैं। इस कॉलोनी में रहने वाले लोगों ने कई बार एस्डीएम जालोर से सम्पर्क किया, मगर आज दिन तक इस समस्या का निवारण नहीं किया गया। जिसकी वजह से इस कॉलोनी में रहने बाशिन्दे अपने मतदान के अधिकर से वंचित हैं। इससे वार्ड से इन लोंगो के नाम कट रहें हैं। वहां पर वोटर लिस्ट में नाम जुड नहीं रहे हैं। नगर परिषद् जालोर कह रहा है कि हमारे क्षेत्रफल में यह कॉलोनी नहीं आती हैं। जबकि इस कॉलोनी के लोगों को नगर परिषद ने पट्ट जारी किये हैं। इस कॉलोनी में रहने वाले ज्यादातर लोग मुसलमान हैं।

जालोर में कांग्रेस का प्रदर्शन आज

जालोर, (कासं)। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी जालोर की और से 20 सितंबर को भाजपा नेताओं द्वारा लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ बयानबाजी के विरोध में कलेक्ट्रेट जालोर के सामने जिलाध्यक्ष भंवरलाल मेघवाल के नेतृव में समस्त कांग्रेसजनों द्वारा धरना प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित कर विरोध प्रदर्शन किया जायेगा। भाजपा एवं उनके सहयोगी दलों के नेताओं द्वारा लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ भडकाऊ बयान एवं अभद्र टिप्पणीया की जा रही है, ये घिनौने हमले भारत के राजनीतिक विमर्श को विषाक्त करने के साथ ही संवैधानिक मूल्यों को खतरे में डाल रहे है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने इस संबंध में देश के प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर इन टिप्पणियों पर चिंता व्यक्त की है, लेकिन प्रधानमंत्री ने चुप्पी साध रखी है जो यह दर्शाता है कि इसका खंडन नहीं करना चाहते है।

अतिक्रमण की जांच की मांग बताई

रेवदर, (निसं)। बिना पट्टे की सरकारी पड़त भूमि का लाखों रुपये में बेचान कर अतिक्रमण करवाने के मामले को लेकर ग्राम पंचायत के उप सरपंच और वार्ड पंचों ने विकास अधिकारी आवडदान चारण को ज्ञापन सौंपा। सरकारी अवकाश का फायदा उठाकर एक व्यक्ति ने फूटा तालाब सेरवा रोड रेवदर से सटी पडी आबादी भूमि पर प्लॉट की नींव भरवाकर अतिक्रमण किया। बार बार इस विषय को लेकर वार्ड पंच और उप सरपंच द्वारा सरपंच, सचिव को कहा जा रहा है पर संतोषप्रद जवाब नहीं मिल रहा। सचिव द्वारा फोन नहीं उठाया जा रहा है। इसको लेकर विकास अधिकारी रेवदर को ज्ञापन सौंपकर अतिक्रमण धवस्त कराने की मांग की। इस अवसर पर उप सरपंच प्रकाश घांची, वार्ड पंच रमेश कोली, गोदाराम चौधरी, दाडमी देवी, हरसन महाराज, बलवंत मेघवाल उपस्थित रहे।

सफाई मित्रों के लिए चिकित्सा शिविर

पाली, (नि.सं.)। स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के अन्तर्गत नगर निगम में चिकित्सा कैम्प का आयोजन 30 सितम्बर तक किया जा रहा है। जिसमें समस्त सफाई मित्रों के स्वास्थ्य की जांच कर आवश्यकता अनुसार नि:शुल्क दवाईया दी जा रही है। इसके लिये चिकित्सक योगेश चौधरी, नर्सिंग अधिकारी खुर्शीद खान व फार्मासिस्ट आफताब अहमद अपनी सेवा दे रहे है। एनयूएलएम जिला प्रबंधक देवेन्द्र सिंह राणावत ने बताया कि इस अवसर पर नगर निगम सचिव स्वरूप सिंह, राजस्व अधिकारी जितेन्द्र व्यास,विक्रम सिंह विश्नोई व किशन सिंह रतनु स्वच्छता ही सेवा पखवाडे के सहप्रभारी मनीष आत्रे, एनयुएलएम जिला प्रबंधक देवेन्द्र सिंह राणावत, एस बी एम से मुकेश मकराना व सफाई जोन प्रभारी दिलिप व सफाई मित्र मौजूद रहे।

कार्य बहिष्कार का निर्णय

जालोर, (कासं) । प्रमुख चिकित्सा अधिकारी, जिला चिकित्सालय मानदेय का भुगतान नही होने से एनजीओ कार्मिक ने 20 सितम्बर को कार्य का बहिष्कार करने का निर्णय लिया है। जालोर शहर के एमसीएच सेन्टर में हनुमान सेवा समिति द्वारा कार्यरत कार्मिकों ने बताया कि उनको सेवा समिति द्वारा मानदेय का भुगतान समय पर नही किया जा रहा है।

पीर शांतिनाथ महाराज के जयकारों से सिरे मंदिर गूंजा

जालोर, (कासं)। जालोर शहर के सिरे मंदिर व भैंरूनाथ अखाड़े के ब्रह्मलीन महंत पीर शांतिनाथ महाराज की 12 वीं पुण्यतिथि गुरूवार को श्रद्धा से सिरे मंदिर पर मनाई गई।

इस दौरान महंत गंगानाथ महाराज के आशीर्वाद से पीरजी की पुण्यतिथि पर बुधवार को अभिषेक और जागरण और गुरुवार को महाप्रसादी और संतों का स्वागत सत्कार कर भेंट पूजा दी गई। रात्रि में स्थानीय कलाकारों द्वारा भजन संध्या का भी आयोजन हुआ। महाप्रसादी के लाभार्थी माली धर्मनारायण थानमल गहलोत और उनके परिवार के सदस्यों को महंत गंगानाथ महाराज और अन्य महंतों ने आशीर्वाद दिया। सिरे मंदिर पर संत रामेश्वरनाथ, ईश्वरनाथ, आनन्दनाथ और शेरनाथ महाराज के नेतृत्व में नाथ की फौज के युवा सदस्यों ने पीरजी की समाधी का श्रृंगार किया और दीप प्रज्वलित किए। इस दौरान पीरजी की प्रतिमा का पंडित प्यारेलाल शर्मा के आचार्यत्व में लाभार्थी माली धर्मनारायण के परिजनों ने अभिषेक किया। बाद में भव्य आरती का आयोजन किया गया।

समाधि स्थल पर संत महात्माओं द्वारा पूजा अर्चना व श्रृंगार कर वर्षी का आयोजन किया गया। इस दौरान सावनमास भक्तों द्वारा सुबह और शाम समाधि स्थल पर पुष्प मालाआ से श्रृंगार कर आरती का आयोजन हुआ।

इस अवसर पर कई धार्मिक स्थलों से संत महात्माओं का सिरे मंदिर पर आगमन हुआ। साथ ही विभिन्न मङ्ग मंदिरों से नाथजी के शिष्यों ने भी समाधि स्थल आकर गुरुदेव को आदेश प्रार्थना की। इस दौरान सिरे मंदिर महंत गंगानाथ महाराज, रामेश्वर नाथ महाराज, गोविन्दनाथ महाराज, योगी ईश्वरनाथ महाराज, आनंदनाथ महाराज, रेवतीनाथ महाराज, सांईनाथ महाराज, शेरनाथ महाराज, निरंजननाथ महाराज, महेशनाथ महाराज समेत कई हजारों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे। लाभार्थी परिवार धर्मनारायण पुत्र थानमल गहलोत द्वारा महाप्रसादी का भी आयोजन हुआ।

पीर शान्तिनाथ महाराज की 12वीं पुण्यतिथि पर पूरे देश से महंत और मठाधीश समेत रमता साधु पहुंचे।

इस दौरान साधुओं का ढोल नागाडों से स्वागत सत्कार किया गया। पूरे देश से पहुंचे महंतों के दर्शन के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ी।

सिरे मंदिर के महंत गंगानाथ जी महाराज को प्रणाम कर सभी संतों ने एक दूसरे को आदेश आदेश कर प्रणाम किया। सिरे मंदिर धाम की तरफ से सभी साधुओं को भोजन प्रसादी के बाद भेंट पूजा प्रदान की।

पीरजी शान्तिनाथ जी महाराज की पुण्यतिथि पर सिरे मंदिर आने वाले युवाओं की नाथ जी फौज सेवा कार्य में तल्लीन दिखी।

पीरजी की समाधि का श्रृंगार करना हो या साधु संतों की सेवा। हर कार्य में युवा दो दिन तक सेवा भाव से भरे हुए थे। सुबह और शाम की आरती से पहले नाथ जी की समाधि पर विशेष श्रृंगार कर पूजा अर्चना की गई।



जालोर में सिरे मंदिर व भैंरूनाथ अखाड़े के ब्रह्मलीन महंत पीर शांतिनाथ महाराज की बारहवीं पुण्यतिथि श्रद्धा से मनाई। फोटो-राष्ट्रदूत

चोरी के मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

जालोर, (कासं)। जालोर जिले के बिशनगढ़ पुलिस ने गुरुवार को द्वारा खेतों एवं रहवासिय क्षेत्र, सडक पर से गेट, फाटक, टैंकर एंव अन्य सामग्री चुराने वाली गैंग का पर्दाफाश कर तीन शातिर चोर को गिरफ्तार किया।

जालोर जिले के बिशनगढ के अलावा जिले के बागरा, कोतवाली जालोर थाना क्षेत्र एवं अन्य पडोसी जिले बालोतरा, पाली एवं जोधपुर जिले के क्षेत्रो से भी लोहे के फाटक, गेट आदि चुराने की वारदात का पर्दाफाश किया।

पुलिस थाना बिशनगढ के हल्का क्षेत्र गॉव बिशनगढ से रमेश कुमार चौधरी के कृषि कुए से लोहे का बडा गेट चुराने के संबंध में दर्ज प्रकरण व नेशनल हाईवे 325 से लाखाराम देवासी का ड्डेके लिए हुए काम पर रोड पर खडे पानी के टैंकर को चुराने के सम्बंध में दर्ज प्रकरण की वारदातो का खुलासा किया।

पुलिस ने बताया कि आरोपी दिन मे मोटरसाईकल पर रैकी कर सुने कृषि कुए पर लगे फाटक गेट को देखकर एवं रोड आदि पर चल रहे काम के लिए खडे टैंकर आदि की जानकारी जुटाकर रात में पिकअप गाडी मे फाटक, गेट आदि डालकर एंव टैंकर ट्रैक्टर के पीछे जोडकर ले जाते है। दस्तयाबी के प्रयास-सम्पति सम्बधी वारदातों को मध्यनजर रखते हुए पुलिस अधीक्षक द्वारा अलग-अलग पुलिस टीमों का गठन कर व आसूचना तंत्र को मजबूत कर आसूचना सकलन एवं तकनीकी आधार पर मुलजिमानो की पहचान की गई।

गिरफ्तारशुदा मुलजिमानों से गहन पूछताछ करने पर पुलिस थाना बिशनगढ के अलावा जिले के थाना कोतवाली, बागरा तथा अन्य जिले जोधपुर, पाली व बालोतरा के भी विभिन्न थानो के गॉवो से लोहे के फाटक एंव अन्य सामग्री चुराने की वारदात कबुल की है। तथा अन्य वारदातों के सम्बंध मे मुलजिमानो से अग्रीम अनुसंधान व पूछताछ जारी है।

पुलिस ने संजयखान पुत्र हुसैनखान जाति मुसलमान उम्र 22 साल निवासी पायला खुर्द थाना सिणधरी जिला बालोतर, असगरखान पुत्र जवानखान जाति मुसलमान उम्र 40 साल निवासी धवला रोड जालोर, साबिरखान पुत्र अमरूदीन जाति मुसलमान उम्र 23 साल निवासी गुडा अखेराज पुलिस थाना देसूरी जिला पाली को गिरपतार किया।

मादक पदार्थ तस्करी का आरोपी मुश्किल से गिरफ्तार किया

जोधपुर, (कासं) । मादक पदार्थ और संगठित गिरोह में शामिल रहे एक आरोपी को उसके घर से पकडऩा पुलिस के लिए काफी जोर आजमाइश वाला रहा। आरोपी अपने घर की दूसरी मंजिल की खिडक्री से कूद कर पड़ौसी के छत के रास्ते से भाग गया। उसे बचाने के लिए कुछ लोगों ने भी मदद की। जिस पर पुलिस ने अब आरोपी और अन्य लोगों के खिलाफ राजकार्य में बाधा उत्पन्न करने का केस दर्ज किया।

आरोपी ने सब इंस्पेक्टर से उनकी पिस्टल भी छीनने का प्रयास किया। इसके लिए सबइंस्पेक्टर को बाद में जमीन में फायर करना पड़ा। फिर भी आरोपी भाग गया और आखिरकार पीछा करते पुलिस ने उसे कापरड़ा से पकड़ लिया गया। डांगियावास थाने में केस दर्ज हुआ है, जांच थानाधिकारी मनोज परिहार की तरफ से की जा रही है।

कापरड़ा थाने के सबइंस्पेक्टर सुरेंद्र कुमार को 16 सितम्बर को अपनी ड्यूटी पर थे। उनके साथ में हैडकांस्टेबल नाथूराम, कांस्टेबल पांचाराम एवं रामजीलाल भी साथ में थे। उनकी ड्यूटी बिलाड़ा- रावर फांटा के पास में अनंत चतुर्दशी पर लगी हुई थी। इस बीच मुखबिरी सूचना मिली कि फिटकासनी डांगियावास निवासी महिपाल बाबल पुत्र पूनाराम बाबल जोकि भोपालगढ़ के मादक पदार्थ तस्करी में वांटेड है, वह अपने घर आया हुआ है। इस पर एसआई सुरेंद्र कुमार मय जाब्ते के उसके घर पर पहुंचे। तब आरोपी ने उन्हें देख लिया।वह अपने घर की दूसरी मंजिल की खिडक्री से कूद कर पड़ौसी भागीरथ की छत से कूद कर भाग गया। जिस पर उसका पीछा किया गया और दस्तयाब कर लिया गया।

इस घटनाक्रम के बीच उसकी पत्नी मोहिनी, पड़ौसी भागीरथ, पूनाराम, रणजीत उर्फ खानू आदि आ गए। इन लोगों ने पुलिस पर हमला करने के साथ रणजीत ने सब इंस्पेक्टर से पिस्टल छीनने का प्रयास किया। तब छीनने के समय बचाव किया और उनके द्वारा जमीन पर फायर किया गया। पिस्टल का बट रणजीत के ललाट पर भी लगा। आरोपी महिपाल बाबल ने इस दौरान सबइंस्पेक्टर को पीछे से हाथ पकड़ लिया था। बाद में आरोपी को भागने में सफल हो गया। सबइंस्पेक्टर सुरेंद्र द्वारा बाद में कुड़ी और डांगियावास पुलिस थानाधिकारियों को कॉल कर बुलाया गया। आरोपी महिपाल के कापरड़ा भागने की जानकारी पर उसे वहां से दस्तयाब कर लिया गया। डांगियावास पुलिस ने आरोपी महिपाल बाबल, उसकी पत्नी मोहिनी, पिता पूनाराम, भागीरथ, रणजीत उर्फ खानू आदि के खिलाफ राजकार्य में बाधा डालने का केस दर्ज किया है।

पुलिस के अनुसार आरोपी महिपाल बाबल मादक पदार्थ तस्करी के साथ संगठित गिरोह चला रहा है। वह भोपालगढ़ के एक मादक पदार्थ तस्करी में भी वांटेड चला आ रहा है। कई और भी प्रकरण दर्ज हो रखे है।

भाजपाइयों ने सदस्यता अभियान पर चर्चा की

भाजपा नगर मंडल जालोर की बैठक जिला कार्यालय में आयोजित हुई। फोटो-राष्ट्रदूत

जालोर, (कासं)। भाजपा नगर मंडल जालोर की बैठक सदस्यता अभियान को लेकर भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित हुई।

सदस्यता अभियान मंडल संयोजक व नगर महामंत्री दिनेश महावर ने बताया कि बैठक में सदस्यता अभियान को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के नाते भाजपा संगठन जिला प्रभारी महेंद्र बोहरा उपस्थित थे। वही अध्यक्षता नगर मंडल अध्यक्ष सुरेश सोलंकी ने की। विशिष्ट अतिथि की नाते सदस्यता अभियान विधानसभा संयोजक दीप सिंह धनाणी सदस्यता अभियान जिला सह संयोजक डिंपल सिंह नगर परिषद उपसभापति अंबालाल व्यास भाजयुमो जिलाध्यक्ष गजेंद्रसिंह सिसोदिया उपस्थित थे। महेंद्र बोहरा ने बताया कि जालौर नगर मंडल के शक्तिकेन्द्र संयोजको व बूथ अध्यक्षों को अपने-अपने बूथ में अधिक से अधिक सदस्य बनाने है।साथ ही सभी बूथ अध्यक्षों को सदस्यता अभियान तथा सदस्यता की प्रक्रिया को विस्तृत रूप से समझाया तथा घर-घर महा संपर्क करके सदस्यता अभियान को गति देने को कहा।आमजन को हर बूथ हर घर जाकर भाजपा सदस्यता अभियान से जोडें।

इस अवसर पर पूर्व नगर अध्यक्ष छगन दास रामावत,ओबीसी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष दिलीप सोलंकी,एसटी मोर्चा जिला महामंत्री मनोहर राणा, सोशल मीडिया विभाग सह संयोजक चंद्रकांत सुंदेशा, सदस्यता अभियान नगर मंडल सह संयोजक संजय बोराणा, अचलसिंह परिहार,जिला प्रवक्ता मुकेश राजपुरोहित सहित बूथ अध्यक्ष व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

राजपलमोकोन-2024 कॉन्फ्रेंस आज से

जोधपुर, (कासं) । नेशनल कॉलेज ऑफ चेस्ट फिजिशियन एवम इंडियन चेस्ट सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में 23वीं राज्यस्तरीय राजपलमोकोन-2024 कॉन्फ्रेंस का आयोजन 21,22 सितंबर को डॉक्टर एस एन मेडिकल कॉलेज के श्वसन रोग विभाग कमला नेहरू चेस्ट हॉस्पिटल द्वारा होगा।

इस अयोजन के चेयरमैन डॉक्टर के सी अग्रवाल ने बताया कि राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय लेवल के एक्सपर्ट लखनऊ से डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद, दिल्ली से डॉक्टर एस एन गोड, चेन्नई से डाक्टर सुभम शर्मा, सीएमसी वेल्लोर से डॉक्टर विमी वर्गिस, हैदराबाद से डॉक्टर हरी किशन , मेदांता से डॉक्टर सुखराम बिश्नोई आदि भाग लेंगे।

आयोजन के सचिव डॉक्टर सी आर चौधरी ने बताया कि इस कॉन्फ्रेंस में अस्थमा, सीओपीडी, टी बी, न्यूमोनिया, आई एल डी, लंग कैंसर, एवं आधुनिक जीवन शैली एवम् पर्यावरण प्रदूषण को भी देखते हुए नवींतम रीसर्च एवम् अनुशंधान पर विस्तार से चर्चा की जायेगी !

सम्मेलन में तीन ओरेशन अवार्ड , एन के जैन बेस्ट पेपर अवार्ड , पी जी बेस्ट पेपर एवार्ड,एवम् पी जी क्वीज प्रोतियोगिता रखे जायेंगे। लगभग 400 श्वास रोग विशेषज्ञ इस सम्मेलन में भाग लेंगे। इस सम्मेलन का उद्घाटन मारवाड़ मेडिकल यूनिवर्सिटी के वीसी डॉ महेंद्र कुमार आसेरी करेंगे एवं मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ भारती सारस्वत गेस्ट ऑफ ऑनर होंगे।

प्रियंका को श्रद्धांजलि दी

रेवदर, (निसं)। प्रियंका बिश्नोई एसडीएम अतिरिक्त जिला कलेक्टर जोधपुर के असामयिक निधन से शोक की लहर दौड़ गई ।

प्राप्त जानकारी के अनुसार क्षेत्र के लोगों का मानना है कि कुशल प्रशासनिक अधिकारी और बेहद सामान्य परिवार से आने वाले हजारों महिलाओं और सामान्य परिवार से आने वाले अभ्यर्थियों की प्रेरणास्त्रोत का चले जाना विश्नोई समाज सहित पूरे राजस्थान के लिए क्षति है।

मंडार के समीप सोरडा ग्राम में गांव के युवाओं द्वारा श्रद्धांजलि कार्य म रखा जिसमें सभी ने नम आंखों से श्रद्धांजलि दी।

कैंडल जलाकर , पुष्प अर्पित करते हुए दो मिनट का मौन धारण किया । इस दौरान राजुराम विश्नोई, ओमप्रकाश जोशी, अजाराम मेघवाल, बाबुलाल जोशी, मुस्ताक सोरडा, महेश जोशी, प्रवीण कुमार सुथार, फिरोज सोरडा, कुलदीप जोशी, सतीश जोशी, चेतन सैन, शिवाराम पुरोहित, मिठेश सोरडा, अर्जुन जोशी, कैलाश नाई, सुरेश सैन, रमेश सैन, विनोद सैन, समेत कई युवाओं व ग्रामीणों ने नम आंखों से श्रद्धांजलि दी।

कलैक्टर ने जनसुनवाई में परिवेदनाएं सुनी, त्वरित निस्तारण के दिए निर्देश

जालोर , (कासं)। राज्य सरकार के निर्देशानुसार आमजन की समस्याओं, परिवेदनाओं के निवारण, सुनवाई एवं त्वरित समाधान के लिए त्रिस्तरीय जनसुनवाई के तहत जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गवांडे की अध्यक्षता में गुरूवार को डीओआईटी सभागार में जिला स्तरीय जनसुनवाई एवं राजस्थान संपर्क पोर्टल पर दर्ज परिवेदनाओं की समीक्षा बैठक व जिला जन अभियोग एवं सतर्कता समिति की बैठक का आयोजन किया गया जिनमें आमजन की परिवेदनाएं सुनकर उनका निस्तारण किया गया।

जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गवांडे ने जनसुनवाई में आमजन की समस्याओं से रूबरू होकर विभागीय अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने गोचर भूमि से अतिक्रमण हटाने, विद्युत कनेक्शन दिलाने, पालनहार योजना में नाम सम्मिलित करने, सार्वजनिक हैंडपम्प दुरूस्त करवाने, भूमि की पैमाईश करने, नाली निर्माण, जल निकासी करवाने, ग्राम पंचायत रोड़ला में अतिक्रमण हटवाने सहित विभिन्न विभागों से जुड़े परिवाद सुनकर मौके पर ही अधिकारियों से मामले की जानकारी लेते हुए जल्द से जल्द निस्तारण करने की बात कही।

उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को जन सुनवाई के प्रकरणों को गंभीरता से लेते हुए उनका निस्तारण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान कुल 43 परिवाद प्रस्तुत हुए जिनमें से 5 प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण किया गया तथा शेष प्रकरणों को सम्पर्क पोर्टल पर दर्ज कर संबंधित अधिकारियों को निस्तारण के लिए निर्देशित किया। उन्होंने सतर्कता समिति में 7 दर्ज प्रकरणों की सुनवाई कर 1 प्रकरण का मौके पर निस्तारण कर शेष प्रकरणों के निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। अतिरिक्त जिला कलैक्टर शिवचरण मीना, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी जवाहर चौधरी, जिला परिवहन अधिकारी जालोर छगनलाल मालवीय, सीएमएचओ डॉ. रमाशंकर भारती, डिस्कॉम एसई पी.एस.राठौड़, सावर्जनिक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता रमेश सिंगारिया, पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. गिरधारीसिंह सोढा, सहकारिता विभाग के उप रजिस्ट्रार सुनील वीरभान, जेसीसीबी के प्रबंध निदेशक ओमपाल सिंह, नगर परिषद के एटीपी शिवदान जांगिड़ सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे तथा वीसी के माध्यम से उपखंड अधिकारी एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारी जुड़े रहे।

जालोर में जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गवांडे ने जनसुनवाई में लोगों की समस्याएं सुनी। फोटो-राष्ट्रदूत

जल शुल्क विपत्रों के भुगतान की अंतिम तिथि बढ़ी

पाली, (नि.सं.)। जलदाय विभाग पाली के अधीनस्थ समस्त कार्यक्षेत्र के जल उपभोक्ताओं को माह सितम्बर 2024 में जल शुल्क विपत्र जारी किए गए जिनका भुगतान निर्धारित तिथि तक किया जाना है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जलदाय विभाग पाली के सहायक अभियंता हेमंत पालीवाल ने बताया कि जलदाय विभाग पाली के अधीनस्थ समस्त कार्यक्षेत्र के जल उपभोक्तओं को माह सितम्बर 2024 में जल शुल्क विपत्र जारी किए गए थे।

जिनका चैक द्वारा भुगतान की अंतिम तिथि 17 सितम्बर एवं नकद भुगतान की अंतिम तिथि 19 सितम्बर रखी गई थी।

जिसको बढ़ाकर चैक द्वारा भुगतान की अंतिम तिथि 25 सितम्बर एवं नकद भुगतान की अंतिम तिथि 27 सितम्बर तक की गई है।

बताया गया कि समस्त उपभोक्ता बढ़ाई गई अंतिम निर्धारित तिथि तक अपने पानी के बिल बिना विलम्ब राशि के अपने नजदीकी ईमित्र कियोस्क पर जमा करवा सकते है।